JUSTICE FOR ALL न्याय सब के लिए

न्याय सर्वांसाठी انصاف سب کے لیے બધા માટે ન્યાય

Head Office : c/oSabrang, Nirant, Juhu Tara Road, Juhu, Mumbai 400049

Supported by: Justice P.B Sawant (retired) Supreme Court of India, Justice Hosbet Suresh (retired) Bombay High Court, Justice S.H.A Raza (retired) Lucknow Bench, Allahabad High Court & Lokayukta, Uttarakhand, Justice Michael Saldanha (retired) Karnataka High Court, Justice Fakhruddin (retired) High Court, MP & Chattisgarh, Justice B.G Kolse Patil (resigned) Bombay High Court.

Organized by

Justice for All Campaign Ad Hoc Committee: Teesta Setalvad (Convenor), Dr Amarjit Singh Narang, Irfan Engineer, Aslam Ghazi, Maulana Burhanuddin Qasmi, Maulana Daryabadi, Dolphy D'Souza, Farid Shaikh, Haroon Mozawala, Javed Anand, Keval Ukey, Kaushik Sangahvi, Rahul Bose, Sumedh Jadhav, Yusuf Muchhala.

&

Peoples' Union For Civil Liberties(PUCL), Progressive Writer Association, Institute for Social Democracy(ISD), Jagrit Samaj, Aazadi Bachao Andolan, Istri Mukti Sangathan, New Socialist Initiative, Shahri Garib Sangharsh Morcha, Human Rights Law Network, Josh and Firaq Literary Society, Sambhav, Awami Council for Democracy and Peace, Dr. Ambedkar Sewa Sansthan, Samannatar.

Date......................

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्साफ़ सबके लिये कार्यक्रम 23 एवं 24 नवम्बर, 2013

सांप्रदायिक और लक्षित हिंसा निवारण (न्याय तक पहुँच और हानिपूर्ति विधेयक–2011) को संसद में रखने के लिये एक राष्ट्रीय अभियान के तारतम्य में दो दिवसीय कार्यक्रम इलाहाबाद शहर में 23 और 24 नवम्बर, 2013 को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में दो दिवसीय सेमिनार एवं जनसभा में भाग लेने के लिये पूरे देश भर से सामाजिक कार्यकर्ता इलाहाबाद में एकत्रित हो रहे हैं। इस अभियान की संयोजक प्रसिद्ध सामाजिककर्मी तीस्ता सीतलवाड़ है। कार्यक्रम का उद्घाटन जगत तारन डिग्री कालेज के सभागार में 23 नवम्बर, 2013 को प्रातः 10 बजे होगा। प्रारम्भिक सत्र ''सामूहिक एवं लक्षित हिंसा का इतिहास और कानून की जरूरत'' में हर्ष मन्दर, फराह नक़वी, तीस्ता सीतलवाड़, फरमान नक़वी अपने विचार रखेंगे। ''1984 के सबक'' विषय पर एच. एस. फुल्का एवं प्रो. अली जावेद अपने विचार रखेंगे। ''राष्ट्रीय विस्मृति में कंधमाल'' विषय पर फादर सेड्रिक प्रकाश अपने विचार रखेंगे। ''प्रस्तुत विधेयक में दलित एवं आदिवासियों की हिफ़ाजत का पहलू'' विषय पर विधेयक की मसौदा समिति के सदस्य एस. डी. जे. एम. प्रसाद अपने विचार व्यक्त करेंगे। ''विधेयक कुछ सुझाव एवं सावधानियाँ'' विषय पर एवं राष्ट्रीय अभियान की भविष्य की रणनीति, चर्चा एवं सवाल पर अनेक वक्ता अपने विचार व्यक्त करेंगे।

साम्प्रदायिकता के संघर्ष के विभिन्न आयाम सत्र की अध्यक्षता प्रसिद्ध लेखक, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता डी. आर. चौधरी एवं श्री एस. पी. कश्यप सचिव, उ0प्र0 राज्य कमेटी, सी. पी. आई. एम. करेंगे।

''साम्प्रदायिकता संविधान और कानून'' विषय पर न्यायमूर्ति एच. एस. ए. रजा एवं तीस्ता सीतलवाड़ अपने विचार रखेंगे। ''शिक्षा, इतिहास, मीडिया, संस्कृति और साम्प्रदायिकता'' विषय पर प्रो. इरफान हबीब, प्रा0 आलोक राय, ललित जोशी अपने विचार रखेंगे। ''जेन्डर और साम्प्रदायिकता'' विषय पर प्रो. रूपरेखा वर्मा पूर्व कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सामाजिक कार्यकर्ता, एवं सुमन गुप्ता अपने विचार रखेंगी। ''अल्पसंख्यक एवं बहुसंख्यक साम्प्रदायिकता : एक सिक्के के दो पहलू'' विषय पर जावेद आनन्द, एस. एम. ए. काजमी शीतला सिंह, आर. बी. श्रीकुमार एवं राजकुमार जैन अपने विचार व्यक्त करेंगे।

इसके अतिरिक्त साम्प्रदायिकता से संघर्ष की तत्कालिक रणनीति एवं साम्प्रदायिकता से संघर्ष की दीर्घकालीन रणनीति विषय पर भी विचार व्यक्त किये जायेंगें जिसकी अध्यक्षता सुभाष गाताडे एवं प्रो. लालबहादुर वर्मा जी के द्वारा की जाएगी एवं कार्यक्रम का संचालन कमल कृष्ण रायजी करेंगे। सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय एवं सूफी संगीत एवं सारंगी वादन की प्रस्तुति महमूद खान एवं रफी खान द्वारा की जाएगी।

24 नवम्बर, 2013 को सायंकाल 3 बजे एक विशाल जनसभा का आयोजन प्रयाग संगीति समिति के प्रांगण में किया गया है, जिसमें विभिन्न धर्मनिरपेक्ष दलों के प्रतिनिधि बिल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता इस राष्ट्रीय अभियान के मंच से व्यक्तत करेंगें। अभियान में शामिल प्रमुख संगठनों में पी.यू.सी.एल., आजादी बचाओ आन्दोलन, आल इण्डिया पी.डब्ल्यू.ए., एस.सी. एस.टी परिसंघ, इतिहास बोध मंच, जागृत समाज, स्त्री मुक्ति संगठन, न्यू सोशलिस्ट इनीशिएटिव, शहरी गरीब संघर्ष मोर्चा, हयूमन राईट्स ला नेटवर्क, जोश एण्ड फिराक लिटरेरी सोसाइटी, संभव अवामी काउन्सिल फार डेमोक्रेसी एण्ड पीस, डा0 अम्बेडकर सेवा संस्थान है।

Local Contact : A-111 Mehdauri Colony, Teliyarganj, Allahabad. Mob. : 09415812917, 09415828093